तिरुवनंतपुरम□ सूर्यनेल्ली सामूहिक बलात्कार कांड में फरार चल रहे मामले के दोषी धर्मराजन को आज केरल पुलिस ने कर्नाटक के सागर से गिरफ्तार कर लिया□

कोट्टायम के पुलिस अधीक्षक सी राजगोपाल ने कहा कि 17 साल पुराने मामले में तीसरे आरोपी धर्मराजन को केरल पुलिस के पांच सदस्यीय विशेष दल ने गिरफ्तार किया□

कुछ दिन पहले धर्मराजन ने अज्ञात स्थान से □ कमलयालम टीवी चैनल से बातचीत में कहा था कि मामले में राज्यसभा के उप सभापति पी जे कुरियन शामिल हैं जैसा कि पी□ ता ने आरोप लगाया है□ धर्मराजन जमानत के बाद लापता हो गया था□

धर्मराजन का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लि□ कोट्टायम के पुलिसकर्मियों का □ क विशेष दल बनाया गया था□ धर्मराजन ने टीवी साक्षात्कार में दावा किया था कि वह मैसूर के पास किसी जगह से बोल रहा है□

मामला इडुक्की जिले के सूर्यनेल्ली में 1996 में 16 साल की □ किल□ की के कथित अपहरण और उसके बलात्कार से जु□ा है□

मामले की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत ने 2002 में धर्मराजन को उम्रकैद की और 35 अन्य को अलग अलग कैद की सजा सुनाई थीं□ हालांकि उच्च न्यायालय ने 2005 में 35 लोगों को बरी कर दिया और धर्मराजन की उम्रकैद को कम करके पांच साल की कैद में तब्दील कर दिया□ उसने उसी साल जमानत हासिल कर ली और तब से ही फरार था□

कुरियन का नाम 35 आरोपियों में शामिल नहीं है लेकिन पी□ ति ल□ की ने □ क निजी शिकायत दाखिल कर बाद में उन पर यौन उत्पी□ न के मामले में शामिल रहने का आरोप लगाया था□ हालांकि उच्चतम न्यायालय ने कुरियन की आरोपमुक्त करने की याचिका को मंजूर कर लिया था□

उधर धर्मराजन ने दावा किया था कि मामले में मुख्य जांचकर्ता ने कुरियन की संलिप्तता के बारे में नहीं बोलने का दबाव उस पर बनाया था□

हालांकि कुरियन ने धर्मराजन के आरोपों को खारिज करते हु□ कहा था कि किसी दोषी के बयान की कोई कानूनी वैधता नहीं होती□